## खबर संक्षेप

### युवक का संदिग्ध अवस्था में मिला शव



**नौरोजाबाद।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमाडोंगरी में शासकीय स्कूल के करींब विंध्य कालोनी निवासी पुष्पेंद्र मिश्रा पिता सूर्यभान मिश्रा उम्र लगभग 30 वर्ष का संदिग्ध हालत में शव मिला, घटना स्थल पर लाठी-डंडे पड़े हुए थे, कयास लगाए जा रहे है कि युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर अज्ञात आरोपियों द्वारा हत्या कर दी है। जानकारी लगाते ही एसडीओपी पाली-नौरोजाबाद पुलिस घटना स्थल पहुंचे, स्थानीय ग्रामीणों की माने तो शव की हालत देख प्राथमिक दृष्ट्या हत्या होने का अंदेशा जताया जा रहा है। विदित हो कि मृत युवक के पिता सूर्यभान मिश्र कालरी में सेवारत रहे है, जो फिलहाल रिटायर होने के बाद विंध्या कालोनी में निवासरत रहे है, मृत युवक इन्ही के साथ विंध्या कालोनी स्थित बटेश्वरी मंदिर के करींब मकान में रहता था, घटना स्थल ग्राम आमाडोंगरी विंध्या कालोनी से करींब 2 किमी दूर है,सवाल इस बात का है कि युवक किन कारणों से ग्राम आमाडोंगरी गया था और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई है, इसकी जांच पड़ताल मे पुलिस लगी हुई है। पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना में लिया है।

### 97 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही



**शहडोल।** माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रस्तुत याचिका ऐश्वर्या शांडिल्य विरूद्ध म.प्र. शासन पर पारित निर्णय के पालन में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में बिना हेलमेट के दो पहिया एवं बिना सीटबेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्ध 20 नवम्बर से 10 जनवरी तक विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में जिला पुलिस द्वारा 16 दिसम्बर को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 97 चालानों में 39,200 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया, कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### सट्टा पर्ची काटते आरोपी धराया

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे एवं सट्टा-जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना-चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत 16 दिसम्बर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बुढार में एक व्यक्ति सट्टा-पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी महेन्द्र केवट पिता कल्लू केवट निवासी बुढार के कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं नगदी 380 रुपये जब्त किया गया।

### अवैध मदिरा जप्त

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 16 दिसम्बर को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने धनपुरा में दबिश देकर आरोपी राहुल वर्मा पिता किशन वर्मा निवासी धनपुरा के कब्जे से 26 पाव अंग्रेजी शराब कीमती 3120 रूपये की मौके पर जप्त की गई। इसी प्रकार थाना सोागपुर क्षेत्रांतर्गत सूचना पर पुलिस ने कोटमा में आरोपिया कमलेश जैसवाल की पत्नी निवासी कोटमा थाना सोहागपुर के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत पुलिस ने घरौला मोहल्ला में दबिश देकर आरोपिया बबली केवट की पत्नी के कब्जे से 08 लीटर कच्ची महुआ शराब मौके पर जप्त की गई।

## सड़क निर्माण एजेंसी को कायदों की नहीं परवाह

# 8 साल में नहीं बन पाई 73 किलोमीटर सड़क









### मामला एनएच-43 के उमरिया-शहडोल सडक़ निर्माण का

**333 करोड़ का बजट और 73 किलोमीटर की सड़क, वर्ष 2015 से सडक़ का निर्माण शुरू हुआ और वर्ष 2023 खत्म होने को है, लेकिन अभी ऐसा लगता है कि पूरा कार्य होने में लगभग 2 वर्ष लगेंगे, इधर निर्माण, उधर सड़क की फजीहत, इतना ही नहीं निर्माण के नाम पर दर्जनों स्थानों से अवैध उत्खनन, अमिलिहा में मौत की खाई और कुछ ऑन रिकार्ड-कुछ ऑफ रिकार्ड मौते और अब उन स्थलों से सड़क के निर्माण के नाम पर पत्थर व मुरूम का अवैध उत्खनन और विक्रय।**

उमरिया।

वर्ष 2015 में उमरिया से शहडोल सडक़ निर्माण के लिए जीव्हीआर कंपनी को ठेका दिया गया था। उक्त कंपनी द्वारा सडक़ कार्य में लगातार लेटलतीफी की जा रही थी, साथ ही काम भी नहीं किया जा रहा था। जिसे देखते हुए वर्ष 2018 में सड़क निर्माण की जिम्मेदारी टीबीसीएल को दी गई। जिसे फरवरी 2020 तक की समयावधि दी गई। इस समयावधि में सड़क निर्माण कार्य पूरा किया जाना था, केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय राजमार्गो के विकास और पूरे देश में इनका जाल बिछाने की यह योजना भले ही दिगर प्रदेशों और जिलों में फलीभूत हुई हो, लेकिन शहडोल संभाग में इस योजना का जो हश्र हुआ, वह किसी से छुपा नहीं है। प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 के निर्माण की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश सडक़ विकास निगम ने ठेका पद्धति के माध्यम से अलग-अलग एजेंसियों को दी थी, शहडोल संभाग में तीन पैंचों में काम होना था, जिसमें शहडोल से मनेन्द्रगढ़ का काम दिलीप बिल्डकॉन ने निर्धारित अवधि से पहले ही पूरा कर दिया, दूसरा पैच उमरिया से कटनी का था, वह भी पूर्ण हो चुका है, तीसरा पैच उमरिया से शहडोल का था, यह पैच कब पूरा होगा, यह कहना अब मुश्किल होता जा रहा है।

### 333 में हुआ था ठेका

उमरिया व शहडोल के बीच के लगभग 73 किलोमीटर सडक़ निर्माण के लिए मध्यप्रदेश सडक़ विकास निगम के माध्यम से जीव्हीआर नामक कंपनी को वर्ष 2015 में 333 करोड़ का ठेका दिया गया था, जीव्हीआर ने काम तो शुरू किया, लेकिन कंपनी की महत्वकांक्षा के कारण यह काम अधर में लटक गया और सडक़ को निर्माण के लिए खोद तो दिया गया, लेकिन बाद में दुर्घटनाओं के लिए खुदी सडक़ छोड़ दी गई। बाद में यह काम बुढ़ार के तिरूपति बिल्डकॉन नामक फर्म को दे दिया गया। वर्ष 2015 में शुरू हुआ काम 8 वर्षो में भी पूरा नहीं हुआ, एमपीआरडीसी के सूत्रों की माने तो, संभवतः ठेका अवधि दो से तीन बार बढ़ाई गई, इसके साथ ही राशि को बढ़ाया गया, जिसके चलते शासन को नुकसान उठाना पड़ रहा है, इसके अलावा ठेका कंपनी ने सडक़ निर्माण में गुणवक्ता की अनदेखी की है, लेकिन आज तक ठेकेदार पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई।

### दुर्घटनाओं का बढ़ता ग्राफ

2015 में जब सड़क का निर्माण शुरू करने के लिए जीव्हीआर कंपनी यहां पहुंची, तब से लेकर अब तक शहडोल से लेकर उमरिया मुख्यालय तक के मुख्य मार्ग में पडऩे वाले थानों में दर्ज सडक़ दुर्घटनाओं के आंकड़े निकाले जाये तो, पूर्व की तुलना में कई गुना अधिक मौते हुई हैं। यही नहीं मौतों का कारण तथाकथित कंपनी के द्वारा खोदे गये गड्ढे और सूचना पटल न लगाना प्रमुख है। वर्तमान में दुर्घटनाओं का सिलसिला अभी भी जारी है, मजे की बात तो यह है कि निर्माण के लिए सडक़ में खोदे गये गड्ढे दुर्घटना कारण तो, हैं ही, जहां सडक़ बनी है, उस सडक़ में पड़ी दरारे और मानकों से परे हटकर हो रहा निर्माण दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है।

### खदान को बना दी खाई

शहडोल संभागीय मुख्यालय से सटे ग्राम अमिलिहा में सड़क निर्माण के लिए पत्थरों का उत्खनन किया जा रहा है, उत्खनन स्थल को टीबीसीएल के द्वारा न तो तारो या फिर किसी अन्य माध्यम से घेरा बनाकर सुरक्षित किया गया है और न ही वहां चौकीदार आदि की भी व्यवस्था की गई है, जिससे कम से कम मूक पशुओं को तो, खाई में जाने से रोका जा सके। उक्त खदान के आस-पास पर्यावरण नियमों के अनुरूप पौधों का रोपण भी नहीं किया गया है, हैवी ब्लासंटिग के माध्यम से अवैध रूप से हुआ उत्खनन मौत की खाईयों में तब्दील हो चुका है, प्रशासन ने यदि समय रहते उत्खनन पर रोक नहीं लगाई और खाईयों को पाटने का काम शुरू नहीं कराया तो, यह मौत की खाईयां पता नहीं कितने ग्रामीणों का काल बन सकता है।

### मानक नहीं किया पूरा

333 करोड़ के भारी-भरकम बजट आवंटन के बाद भी सरकार की मंशा 8 वर्षो में तो पूरी नहीं हुई और न ही आने वाले 1-2 वर्षो में पूरी होती नजर आ रही है, इस दौरान तथाकथित दोनों कंपनियों ने यह जरूर किया कि पहले निर्मित सडक़ को खोद दिया गया, शहडोल से उमरिया तक सैकड़ों स्थानों पर गड्ढे और डायवर्सन तथा धूल के गुब्बारे राहगीरों का नसीब बन गये, यह बात हमेशा समझ से परे रही कि सडक़ का निर्माण एक-दो या पांच स्थानों से शुरू न करके, दर्जन भर स्थानों से शुरू किया, कहीं दायें तो कहीं बायें मार्ग की सड़क खोदकर गड्ढा बना दिया, जो सडक़ बनी भी है, वह शायद ही निर्माण के बाद मानकों पर खरी उतरे।

### टीबीसीएल पर नहीं हुई कार्यवाही

निर्माण एजेंसी टीबीसीएल के द्वारा यहां सडक़ के नाम पर खाईयों का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन इसके साथ ही उक्त कंपनी और आस-पास के अन्य खनिज माफियाओं के लिए यह स्थल चारागाह बन चुका है, यहां बड़े पैमाने पर पत्थरों का अवैध उत्खनन और विक्रय पूरे शबाब पर है, चूंकि यह क्षेत्र उमरिया जिले के अंतिम छोर पर स्थित है और निर्माण का जिम्मा खनिज विभाग के सबसे बड़े सेवादार टीबीसीएल के पास है, संभवतः इसीलिए न तो यहां कभी खनिज अधिकारी या निरीक्षक आते हैं, जिस कारण अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।

### इनका कहना है

ठेका की समयावधि दिसम्बर 2023 थी, यह सही है, वर्तमान में सडक़ अधूरी है, रेलवे सहित कई विभागों से अनुमति नहीं मिल पाई है, हम प्रयास कर रहे हैं कि जल्द अनुमति मिल जाये, जहां सडक़ टूटी है, वहां काम होगा, बाकी पत्थर खदान सहित अन्य खामियों की बातें करें तो, सभी के अपने-अपने विभाग हैं, उन्हें देखना चाहिए। आगे ठेका बढ़ेगा या नहीं, यह काम मिनिस्ट्री का है।

**अशीष पटेल**
**डीएम एमपीआरडीसी**



## दलको जागीर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया भव्य स्वागत

### हितग्राहियों को हित लाभों का किया गया वितरण

शहडोल।

जिले के ब्यौहारी विकासखंड के ग्राम पंचायत दलको जागीर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। वहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हित लाभों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा द्वारा खेरमाई स्व सहायता समूह, दुर्गा स्व सहायता समूह, लक्ष्मी स्व सहायता समूह को 2-2 लाख की राशि सीसीएल के लिए प्रदाय किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को भारत को विकसित और समृद्धिशाली बनाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर अनु विभागीय अधिकारी राजस्व नरेंद्र धुर्वे, श्याम पाल तिवारी, नीरज गुप्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्या सुनने रामपुर बटुरा पहुंचे विधायक


शहडोल।



वर्तमान विधायक विधानसभा क्षेत्र के जयसिंह मरावी किसानों के बीच रामपुर पहुंचे, पहुंचते ही अपने पुराने संबंधों की चर्चा करते हुए 01 मिनट के अंदर प्रशासन और एसईसीएल को चेतावनी देते हैं जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, ठंड में किसान परेशान है, उनके परेशानी तत्काल दूर करें, इसके पश्चात जिला प्रशासन के तरफ से अधिकारी एसडीएम सोहागपुर एवं तहसीलदार बुढ़ार भी किसानों से मिलने पहुंचे, साथ ही मुख्यालय से भू-राजस्व अधिकारी शरद तिवारी, शशि किरण, श्री चावला एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक बी.कृष्णा, सब एरिया मैंनेजर अनिरुद्ध सिंह, एपीएम हेंब्रम, सहायक मैंनेजर संदीप सुकरा, मनीष मिश्रा, श्री दिनकर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। दोपहर 12 बजे से अलग-अलग तरह के जनप्रतिनिधि अधिकारी, प्रशासन बातचीत करने के लिए किसानों को मानते रहे, शाम 06 बजे तक चली चर्चा जो भी हमारे 17 बिंदुओं पर आंदोलन चालू है, खदान बंद कर दिया गया है उसको लेकर किसान बहुत ही नाराज है, लेकिन मनोबल के बाद अधिकारियों की बात तो सुन ली गई और उन्हें यह कहा गया कि हम ग्राम सभा करेंगे, ग्राम सभा के पश्चात आपको 01 घंटे बाद ग्राम सभा के अनुमोदन के अनुसार सूचना दी जाएगी, लेकिन ग्राम सभा ने कहा हम कल 11 बजे फिर से एक बार बैठेंगे, कुछ लोग चले भी गए इसलिए पूर्ण बहुमत के साथ बैठकर हम लोग निर्णय करेंगे, इसके पश्चात आगे की कार्यवाही की जाएगी। मुख्य रूप से ग्राम सभा के द्वारा अनुमोदित नहीं हुआ, कमेटी के द्वारा जिला प्रशासन मुख्यालय बिलासपुर एरिया सोहागपुर और यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर दो घंटे तक चली चर्चा लेकिन मैंनेजमेंट के द्वारा 2 महीने के समय लेने की बात कही गई। मुख्य रूप से 21 जनवरी 2016 को लेकर रोजगार के प्रक्रिया चालू की जाए और आर एंड आर का तीन लाख से बढ़कर जिस तरह से कोरबा कुसमुंडा सिंगरौली में दिया गया, इस तरह से रामपुर में 10 लाख रुपया प्रति परिवार लागू किया जाए, मकान का मुआवजा अति शीघ्र सौ परसेंट सॉल्यूशन के साथ दिया जाए, इस तरह से तीन मुद्दे मुख्य फोकस किए गए, साथ ही अधिकारी और प्रशासन ने निवेदन किया कि खदान को चालू कर दीजिए, लेकिन हम किसान लोग खदान को बंद रखेंगे, जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, खास तारीख निश्चित रूप से दिया जाए की कब तक समाधान होगा, लेकिन निश्चित नहीं है तो अनुमोदन नहीं होगा, हजारों के तादात में किसान शामिल हुए, किसानों ने केवल आंदोलन ही नहीं बल्कि पूरा घर वार छोड़ कर यहीं रहेंगे, ऐसा कहा जिला भर से देश के चौथे स्तभ पत्रकार बंधु भी आवाज बुलंद किया, जिसके कारण किसानों के आवाज प्रबन्धन और प्रषासन तक गई वरिष्ठ नेता सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा ने बताया की किसानों ने अपने रूप विकराल कर लिया है, कड़ाके की ठंड में अपनी समस्याओं को लेकर मांगों को लेकर अड़े हुए हैं मैं प्रेस के माध्यम से जिला प्रशासन एवं प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री सहित महाप्रबंधक एवं मुख्य महाप्रबंधक बिलासपुर सहित सभी से निवेदन है जल्द से जल्द जल्द से समस्याओं का समाधान करें नहीं तो ठंड के समय में कोई भी अपनी घटना न घट जाए, जिसके कारण प्रबंधन हुआ प्रशासन को परेशान होना पड़े।

# धार्मिक स्थलों से हटवाये गए अनियंत्रित ध्वनि विस्तारक यंत्र



शहडोल।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किये गए नवीन दिशा-निर्देशों के तारतम्य में 17 दिसम्बर को धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर पर नियमविरूद्ध व अनियंत्रित रूप से लगे हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र जैसे लाउडस्पीकरण-डीजे आदि को पुलिस द्वारा हटवाया गया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर कार्यवाही के संबंध में जारी किये गए, नवीन निर्देशों से धर्मावलंबियों को अवगत कराते हुए, संवाद एवं समन्वय बनाकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटाया गया है। पुलिस द्वारा ध्वनि प्रदूषण से होने वाले नुकसान से लोगों को अवगत कराया गया, जिस पर लोगों के द्वारा स्वेच्छा से उक्त लाउडस्पीकर्स को उतरवाने पर आम सहमति प्रकट की गई और स्वयं से लाउडस्पीकर्स आदि उतरवाये गए। जिसमें कोतवाली में 04, सोहागपुर में 03, सिंहपुर में 09, गोहपारू में 05, बुढ़ार में 06, अमलाई में 05, जैतपुर में 05, धनपुरी में 14, ब्यौहारी में 04, जयसिंहनगर में 01, कुल 56 स्थानों से लाउड स्पीकर्स उतारे गये।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पथरहटा में हित लाभों का वितरण



**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर विकासखंड के ग्राम पंचायत पथरहटा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने यात्रियों का भव्य स्वागत गाजे-बाजे के साथ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान योजना, मनरेगा योजना, एवं अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को हित लाभों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्नत कृषि के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर कीटनाशक ड्रोन का भी प्रदर्शन किया गया। मनरेगा योजनाओं के अंतर्गत बिहारी लाल को लघु तालाब योजना के अंतर्गत 2 लाख 15 हजार, इंद्रपाल को 2 लाख 15 हजार, एवं जुलाई को 2 लाख 15 हजार की राशि लघु तालाबों के निर्माण के लिए वितरित की गई। कार्यक्रम में लगभग 150 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्डों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती रक्षा सिंह, पुष्पेंद्र पटेल, राजेश द्विवेदी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक मरावी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने तथा लाभान्वित करने लगाये गये स्टाल



**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पथरहठा एवं सेमडारी मे आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, मध्यप्रदेश जल निगम, स्वास्थ्य विभाग, उज्ज्वला योजना एवं बैंक द्वारा बीमा योजना से सम्बंधित स्टाल लगाए गए एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग व्दारा ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि ने बताया कि ड्रोन के माध्यम से आसानी से कीटनाशक दवाईयों एवं उर्वरक का छिड़काव खेतों में किया जा सकता है।

### सेमराड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्र संपन्न




**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा पथरहठा के बाद ग्राम पांच सेमराड़ी पहुँची जहां यात्रा का गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक-1 सरिता सिंह, सीईओ जनपद पंचायत प्रेणना तिवारी, कार्य पालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला समन्वयक ग्रामीण आजीविका मिशन, कार्य पालन यंत्री पीडब्ल्यूडी, कार्य पालन यंत्री जल संसाधन विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डी पी सी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उदयनिकी विभाग, पशु विभाग जल जीवन मिशन के स्टाल लगाए गए थे, जिसमे ग्रामीणों ने अपना आवेदन दिया। सीईओ जनपद पंचायत ने कहा कि शासन द्वारा विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही यहाँ पर विभाग वार स्टॉल लगाए गए है, ग्रामीण जन योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य भी ग्रामीण जनो को योजनाओ का लाभ पहुंचाना है।

### कलेक्टर ने दुकान पर खाया लिट्टी चोखा



**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा से भाग लेकर कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य जब भ्रमण से जिला मुख्यालय के लिये वापस आ रहे थे, तो उनकी नजर ग्राम छोटी पाली मे राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे टपरे मे संचालित दुकान पर पड़ी जिस पर लिखा हुआ था, आर्डर पर लिटटी चोखा उपलब्ध है। गाड़ी से उतरकर कलेक्टर दुकान पर पहुंचे तथा दुकान के मालिक राज कुमार मौर्य से उनकी तथा उनके परिवार के संबंध में जानकारी प्राप्त की, तथा बेंच पर बैठकर लिटटी चोखा का आर्डर दे दिया। इसी दौरान सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी एवं उनका परिवार तथा उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ.के. के. पाण्डेय भी पहुंच गये। सबने लिटटी चोखा का आनंन्द राजकुमार मौर्य की दुकान में सड़क के किनारे बेंच मे बैठकर लिया।

### नवनिर्वाचित विधायक दिलीप जायसवाल को दी बधाई

**बिजुरी।** जिले की सबसे चर्चित कोतमा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिलीप जायसवाल को मिली सफलता पर भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री पुरुषोत्तम देवानी द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि 10 वर्ष के लंबे वनवास के बाद कोतमा विधानसभा सीट से भाजपा को विजय श्री हासिल हुआ है, जो प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए गौरव व खुशी की बात है, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री पुरुषोत्तम देवानी सहित भारतीय मजदूर संघ के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक दिलीप जायसवाल को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए आगामी 5 वर्षों तक जनता की सेवा करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# उप सरपंच चला रहे पंचायत

## नियम विरूद्ध पंचायत ने किया भुगतान

### निर्माण सामग्री सप्लाई के खरीदी बिक्री सहित रॉयल्टी की हो जांच

ग्राम पंचायतों में तत्कालीन सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक की मिलीभगत से जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। हैरानी की बात तो यह है कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद भी जनपद व जिला पंचायत के अफसर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे, जिससे भ्रष्टाचारियों के हौसलों को बल मिल चुका है।

शहडोल।


जिले की लगभग जनपदों की ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए के भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं, लेकिन पंचायती राज के अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों को बचाने में जुटे हुए हैं, कमीशन खोरी के चलते सीसी रोड, नाली, कूप और तालाब से लेकर हर निर्माण कार्य बेहद घटिया स्तर की सामग्री से किया गया है, साथ ही पुराने निर्माण कार्य को दिखाकर, उसकी राशि आहरित की गई है, इस तरह के भ्रष्टाचार में सरपंच और सचिव ही नहीं बल्कि, पंचायत विभाग के इंजीनियर, एसडीओ और जनपद में बैठे अफसर भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

#### भ्रष्टाचार से उठ सकता है पर्दा

प्रदेश सरकार प्रदेश के विकास कार्यों के लिए लाखों करोड़ों रुपए गरीब जनता के लिए पंचायतों को दे रही है, मगर क्या गरीबों को योजनाओं का लाभ बुढ़ार जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में मिल पा रहा है, यह भी जांच का विषय है, बुढ़ार जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गलहथा में मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम का खुला उल्लंघन होता रहा और जिम्मेदारों ने आंख पर पट्टी बांध रखी है।

#### उपसरपंच खुद बने सप्लायर

बुढ़ार जनपद की ग्राम पंचायत गहलथा में




पदस्थ सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा समय-समय पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को धोखे में रखकर मनमानी कर अपने पदीय कर्तव्यों एवं नियम विरूद्ध भुगतान वेण्डरों को किया है, उप सरपंच राजेश कुमार शुक्ला की कागजी फर्म शुक्ला ट्रेडर्स जैतपुर द्वारा पंचायत में निर्माण सामग्री सप्लाई की है, आरोप है कि उपसरपंच द्वारा जो रेत की सप्लाई दी गई है और खुद की फर्म के नाम पर भुगतान लिया है, उसकी रॉयल्टी पंचायत में नहीं है, चोरी की रेत की सप्लाई पंचायत में की गई है। उपसरपंच की फर्म को लाखों रूपये का भुगतान किया गया है, लेकिन इन बिलों में भण्डार क्रय नियमों का माखौल उड़ाया गया है।

#### नहीं हुआ नियमों का पालन

ग्राम पंचायत बिल लगाए गए, सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा उक्त खरीदी में म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 का पालन न करते हुए नियम विरूद्ध खरीदी की गई है, ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी जनपद स्तर के अधिकारियों को नहीं है, लेकिन ग्राम पंचायत सचिव तक की जिम्मेदारी जनपद में बैठे जिम्मेदार तय न कर पाए, यह उनकी कार्य प्रणाली को कटघरे में खड़ा करती है। हांलाकि चर्चा है कि ग्राम पंचायत गलहथा को उपसरपंच राजेश शुक्ला ही चला रहे है।

#### नहीं होती कार्यवाही

शासकीय निर्माण कार्यो में लगातार ऑन रिकार्ड रेत की हो रही सप्लाई पर अंकुश न लगने के चलते अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद है, जिले की बुढ़ार जनपद की ग्राम पंचायत गलहथा में उपसरपंच बनाम वेण्डर द्वारा रेत की सप्लाई गई है, साथ ही अन्य फर्मों द्वारा भी पंचायत में खनिज की सप्लाई दी गई है, लेकिन जनपद, जिला पंचायत, खनिज विभाग सहित जिला प्रशासन खदान-भण्डारण बंद होने के बावजूद पंचायतों में लगने वाले रेत के बिल पर कार्यवाही करने की जगह शिकायत के इंतजार में बैठे है, निर्माण के दौरान पंचायत से मिले कमीशन के चलते जिम्मेदार कार्यवाही की जहमत नही उठा पा रहे हैं।

#### इनका कहना है...

पंचायत में मेरे द्वारा पूर्व से सप्लाई दी जाती थी, मुझे पंचायत से निर्माण सामग्री सप्लाई का आर्डर मिला था, मैंने सप्लाई दी है।

**राजेश कुमार शुक्ला**
**उपसरपंच ग्राम पंचायत गलहथा**



## विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्याम से हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

उमरिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्राम पंचायत पथरहठा में आयोजित विभिन्न शासकीय योजनाओ के हितलाभ का वितरण हितग्राहियों को वितरित किये गए, जिसमे मौके पर बुधिया बाई, ददोली यादव, नारायण गिरी का मौके पर बीपीएल में नाम जोड़ा गया। इसी तरह आरती सिंह, कनछेदी लाल, अनिल कुमार एवं महेश प्रताप को नामांतरण फौती का लाभ, मंधर कोल, लक्ष्मी साहू, ललित को पेंशन योजना का लाभ मौके पर वितरित किया गया। प्राची केवट, समृद्धि केवट को लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ, करण त्रिपाठी, सुधीर त्रिपाठी, प्रीतम बैगा, धर्मेंद्र बैगा को आयुष्मान कार्ड का लाभ वितरित किया गया। जगभान सिंह को पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पाण्डु सिंह को विकलांग पेंशन, भंगिया कोल को पी एम आवास योजना अक्तू कोल को पी एम आवास योजना का लाभ, संतान सिंह, राम जियावन, बहादुर कोल, मिताली लाल को सरसों हायब्रिड मिनी किट का वितरण किया गया। आयुष विभाग द्वारा आयोजित शिविर में 50 मरीजो को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक बांधवगढ़, कलेक्टर, एसडीएम, जनपद अध्यक्ष करकेली प्रियंका सिह, जनपद पंचायत सीईओ, जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक-1 सरिता सिंह, चंद्र प्रकाश द्विवेदी, राम नारायण पयाशी, पंकज तिवारी, हरी गुप्ता, दिवाकर सिंह, मून सिंह, अनुराग शुक्ला सहित जिला प्रमुख अधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का मिल रहा लाभ : विधायक






उमरिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे दिन जिले में ग्रामीण क्षेत्रो में कार्यक्रम का शुभारंभ बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह व्दारा करकेली जनपद पंचायत के ग्राम पथरहठा से किया गया। ग्राम पथरहठा में आयोजित यात्रा को संबोधित करते विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओ की जानकारी जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि को लाभ का धंधा बनाने के नए नए कृषि यंत्र किसानों को उपलब्ध कराये जा रहे है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस चूल्हा उपलब्ध कराया गया है ताकि महिलाओं को धुंआ से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के जीवन मे खुशहाली लाना इस यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने ग्रामीणों का आव्हान किया कि वे भी आगे आये और शासन की हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ उठाये।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कहा कि विधानसभा निर्वावन 2023 के दौरान जिले के ग्राम धुपखडा मतदान केन्द्र में शत प्रतिशत मतदान हुआ है उसी प्रकार जिला अधिकारी अपने विभाग की शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को पहुचाये। ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ पहुँचाना, इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। शिविर के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित योजनाओं के स्टाल लगाए गए है, उसका सभी जन लाभ उठायें। विभिन्न विभागो के अधिकारी शिविर वाले ग्रामो में विभागीय योजनाओ के लाभ वितरण तथा पूर्व में लाभान्वित हितग्राहियो की तैयारी के साथ आये। कार्यक्रम में एसडीएम बांधवगढ अमित सिंह, जनपद अध्यक्ष करकेली प्रियंका सिह, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती प्रेरणा सिंह, जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक-1 सरिता सिंह, चंद्र प्रकाश द्विवेदी, राम नारायण पयाशी, पंकज तिवारी, हरी गुप्ता, दिवाकर सिंह, मून सिंह, अनुराग शुक्ला सहित जिला प्रमुख अधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

पंकज तिवारी ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार ने अनेको योजनाओं का संचालन किया है, जिसके माध्यम से लोगो के जीवन मे परिवर्तन आया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शिविर आयोजित किये गए है इसका सभी जन लाभ उठाएं। रामनारायण पयासी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाना है। कृषि को लाभ का धंधा बनाया गया है। बिजली पानी की व्यवस्था की गई है। योजनाओ का लाभ लेकर जीवन में क्रांति लाई जा सकती है।

चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने अंतिम छोर पर खड़े लोगो की चिंता की, और विभिन्न योजनाओ का संचालन किया है। भारत का कोई नागरिक भूखा नहीं सोये, इसके लिए अनाज की व्यवस्था की।

# ध्वनि प्रदूषण यंत्रों के उपयोग के संबंध में धर्म गुरूओं के साथ आयोजित हुई बैठक

कोतमा।



राज्य शासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों से अवगत कराने को लेकर एसडीओपी व्हीपी सिंह, तहसीलदार ईश्वर प्रधान, थाना प्रभारी सुंद्रेश मरावी सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा स्थानीय स्तर पर सभी धर्मों के धर्मगुरूओं के साथ थाना परिसर मे शनिवार को बैठक आयोजित की। जिसमें धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थलों पर लाउड स्पीकर, डीजे के ध्वनि स्तर की सीमा से संबंधित शासन द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार सभी धार्मिक स्थलों, अन्य स्थानों में निर्धारित ध्वनि सीमा स्तर में ही लाउड स्पीकरों, डीजे का उपयोग से संबंधित दिशानिदेर्शों से अवगत कराया गया। बैठक में कहा गया कि निर्धारित ध्वनि सीमा स्तर का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उल्लंघन पाए जाने पर नियमों के पालन संबंधी कार्यवाही समान रूप से की जाएगी। इस संबंध में तहसीलदार ईश्वर प्रधान ने आदेश के पालन तथा ध्वनि प्रदूषण के संबंध में शिकायतें प्राप्त होने पर कार्यवाही निष्पादन के लिए जिले से गठित दलों के द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी । तहसीलदार ईश्वर प्रधान ने लाउडस्पीकर में आवाज को डेसीबल से मापने का देशी तरीका बताया उन्होंने कहा कि आवाज बाहर नहीं जा रही है तो मान ले कि नियमों का पालन हो रहा है। एसडीओपी व्ही पी सिंह ने डीजे संचालको को नियमों के बारे में दो टूक समझाइए कहा कि किसी भी डीजे में दो से ज्यादा बॉक्स नहीं लगेंगे और किसी भी आयोजन पर डीजे बजाने से पहले एसडीएम से अनुमति लेनी होगी। बैठक में सभी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे। आयोजित धर्म गुरुओं की बैठक में ध्वनि प्रदूषण से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकरों को उतारने के लिए आम सहमति प्रकट की गई।



# अब खुले में नही बिकेगा मांस, मछली

### थाना रामनगर में पुलिस एवं प्रशासन ने आरंभ की कार्रवाई

**राजनगर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिंह के निर्देशन एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा वीरेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में रामनगर पुलिस और नगर परिषद बनगवां के द्वारा खुले में मांस, मटन और मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाए जाने हेतु कार्यवाही प्रारंभ की। थाना रामनगर क्षेत्र में मांस, मटन और मछली का व्यापार करने वाले व्यक्तियों को थाना रामनगर में बुलाया जाकर टी. आई. रामनगर अरविंद जैन द्वारा बैठक का आयोजन किया गया एवं हाल ही में मुख्यमंत्री के द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी इस संबंध में आदेश निर्देश से अवगत कराया गया कि खुले में मांस, मटन और मछली का व्यापार नहीं किया जाएगा। साथ ही किसी भी धार्मिक स्थल से 100 मीटर की परिधि में मांस, मटन और मछली की दुकानों को स्थानीय प्रशासन नगर परिषद की मदद से शिफ्ट किया जाएगा। बैठक में उपस्थित मांस, मटन और मछली विक्रेतागणों ने उक्त आदेश के पालन में अपनी समिति दी। इसके उपरांत टीआई रामनगर अरविंद जैन ने पुलिस बल और स्थानीय प्रशासन नगर परिषद बनगवां सीएमओ एवं स्टाफ के साथ रामनगर थाना क्षेत्र में खुले में मांस, मटन और मछली का व्यापार करने वाले दुकानदारों को मौके पर पहुंचकर शीघ्र नियम का पालन किए जाने हेतु मौके पर जाकर समझाइश और हिदायत दी गई।

### नगर में निकाली गई अक्षत कलश की शोभायात्रा



**कोतमा।** अयोध्या में अगले माह 22 जनवरी को होने वाले श्री रामलला के पूजन के आमंत्रण के अक्षत कलश की शोभायात्रा शनिवार को नगर के बनिया टोला स्थित बूढी माता मंदिर से निकल गई। यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए विकास नगर स्थित शिव मंदिर पहुंची। यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व अक्षत कलश का पूजन कर आरती उतारी गई। यात्रा में प्रबुद्ध जनों एवं महिलाओं ने अक्षत कलश को अपने सिर पर रखा और पैदल चलकर यात्रा में अपनी सहभागिता दी। कलश का जल उतरकर आरती की। उल्लेखनीय है कि चित्रकूट से आने के बाद अक्षत कलश को प्रतिदिन नगर के प्रमुख मंदिरों का भ्रमण कराया जा रहा है। जहां इसे आम जनों के दर्शनार्थ रखा जा रहा है। कलश स्थापना के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने आकर कलश के दर्शन किए।

# बिजुरी थाना क्षेत्र में नहीं हो रहा मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन

**बिजुरी।** प्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद सूबे के मुखिया मोहन यादव ने गत दिवस प्रदेश भर में समस्त स्थानों पर खुले में बिकने वाली मांस, एवं लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध लगाने का आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया है। किन्तु मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों का पालन होता कोयलांचल नगरी बिजुरी में किसी भी तरह देखा नही जा रहा है न ही प्रशासनिक स्तर पर स्थानों पर शासन के दिशा-निर्देशों से सम्बंधित नियमावली की जानकरी प्रदान की जा रही है। लिहाजा कोयलांचल नगरी बिजुरी एवं आसपास के मांस विक्रेता पूर्व की तरह ही खुले में मांस कि बिक्री करने में मशगूल हैं।

#### ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भी नहीं लगाया जा रहा अंकुश

बिजुरी थाना क्षेत्र के भिन्न-भिन्न स्थानों पर लाउड स्पीकर सहित



अन्य ध्वनी विस्तारक यंत्रों का शोरगुल, प्रदेश के मुखिया के दिशा-निदेर्शों का अवहेलना ही माना जा सकता है। कारण प्रशासन के जिम्मेदार अमला द्वारा लाउडस्पीकर सहित ध्वनी विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार कि हिदायत नही दी जा रही है। मसलन क्षेत्र में लाउड स्पीकर सहित ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने वाले नागरिक अब भी मस्त मौला साबित हो रहे हैं।

#### कोयलांचल में दम तोड़ रहे दिशा-निर्देश

प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के दिशा-निदेर्शों का पालन राज्यभर में प्रत्येक स्थान एवं थाना क्षेत्रों में गम्भीरता के साथ किया जा रहा है, किन्तु कोयला उद्योग की नगरी बिजुरी में उक्त दिशा-निर्देशों पर प्रशासनिक जिम्मेदारों का संज्ञान नही लिया जाना कहीं ना कहीं मुखिया के निर्देशों अवहेलना कहा जा सकता है

## खबर संक्षेप



### भारतीय भाषा महोत्सव का कार्यक्रम मनाया

**बिरसिहपुर पाली ।** सरस्वती उच्च. माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया मे भारतीय भाषा महोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया भैया दिव्यांश अवधिया, शुभम् गुप्ता एवं श्रीमती पूनम यादव, श्री नंदराम शर्मा जी, श्री विमला प्रसाद शुक्ल जी, श्री रविन्द्र विश्वकर्मा जी, श्री अनूप पाण्डेय जी प्रधानाचार्य एवं श्री जानकी प्रसाद गौतम प्राचार्य जी ने अपने विचार रखे।

### नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला आज

**रीवा ।** मध्यप्रदेश रोजगार दिवस कार्यक्रम के तहत जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में आज 18 दिसंबर को नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया है। यह मेला संभागीय आईटीआई रीवा में प्रातः 10 बजे आरंभ होगा। इस संबंध में प्राचार्य संभागीय आईटीआई ने बताया कि रोजगार मेले में 4 कंपनियां भाग ले रही हैं। इनमें वाल्वो आयशर लिमिटेड देवास, एल एण्ड टी अहमदाबाद, बिरला केबिल लिमिटेड रीवा तथा व्हीटीएल रीवा कंपनियाँ शामिल हैं। आवश्यक अभिलेखों के साथ युवा प्रातः 10 बजे संभागीय आईटीआई में उपस्थित होकर साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। चयन होने पर अप्रेंटिसशिप के दौरान 11 हजार रुपए स्टायपेंड तथा अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। प्राचार्य ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी को आईटीआई उत्तीर्ण होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 25 वर्ष के बीच हो। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ मूल अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड, वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम पासपोर्ट साइज के 2 फोटोग्राफ के साथ मेले में शामिल होकर इस अवसर का लाभ उठायें।

### जनपद स्तरीय समीक्षा बैठकों का आयोजन

**रीवा ।** जनपद स्तर पर समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 18 दिसंबर को त्योंथर तथा 20 दिसंबर को नईगढ़ी में जनपद स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि बैठक में नरेगा, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, वित्त के कार्यों, सीएम हेल्पलाइन आदि कार्यों की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने जनपद के सीईओ को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा आज भ्रमण करेगी

**रीवा ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 18 दिसम्बर को रीवा नगर पालिक निगम क्षेत्र के जोन क्रमांक तीन व जोन क्रमांक चार में भ्रमण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जोन क्रमांक तीन के शिवनगर मोड में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा जोन क्रमांक चार में महामृत्युंजय काम्पलेक्स एसएएफ चौराहा में अपरान्ह 2 बजे से शाम 5 बजे तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

### जरूरतमंदों को बांट रहे कंबल

**रीवा ।** अग्रिम सरोकारों से जुड़ी संस्था बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी के शीतदूत लगातार शहर शहर में घूम घूम कर बात रही है लोगो को ठंड से राहत पाने के लिए कंबल टोपा साल बांटने का काम संगठन द्वारा किया जा रहा है कड़ाके की ठंड में रोज रात के 11 बजे अपने प्रखंड के पोषक क्षेत्र का भ्रमण करते हैं। भ्रमण के पीछे उनकी मंशा जो हम तक नही पहुंचते उन तक हम पहुंचे ।

## बाहरी लोगों को दिया जा रहा रोजगार, स्थानीय नेताओं और प्रशासन की मिलीभगत

# ठेका कंपनियां स्थानीय बेरोजगारों के हितों पर कर रही कुठाराघात

धनपुरी ।

एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की खदानों के आसपास निवास कर रहे युवाओं के रोजगार के सपने पर साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड (एसईसीएल) की ठेका कंपनियां लगातार कुठाराघात लगा रही हैं। यह आरोप लगाते स्थानीय युवाओं ने बताया कि हुए एसईसीएल की ठेका कंपनी चेन्नई राधा को अमलाई ओसीएम ने ओबी (ओवर बर्डन) निकालने के लिए 308 करोड़ रूपए में चार वर्षों के लिए टेंडर मिला तो स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलनेकी उम्मीद थी। दूसरी ओर कंपनी ने स्थानीय युवाओं को रोजगार के दावे तो किए लेकिन दावे हकीकत में तब्दील नहीं हो सकी।

### अकेले भोपाल कूच

कुछ माह पहले एक स्थानीय युवक चेन्नई राधा कंपनी में रोजगार नहीं मिलने की परेशानी लेकर पैदल ही भोपाल के लिए निकल पड़ा तो उसे भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह ने रोककर समझाइश दी। युवाओं का कहना है कि पूर्व में रोजगार की मांग को लेकर कंपनी गेट के सामने भी प्रदर्शन कर चुके हैं। तब रोजगार देने की बात तो कही जाती है। बाद में एक या दो - लोगों को काम पर रखकर कोरम पूरा कर लिया जाता है।





### आधी मजदूरी में पूरा काम

एसईसीएल की अंडर ग्राउंड व ओपन कास्ट में कई निजी कंपनियां ठेके पर काम कर रही हैं। आरोप है कि इन कंपनियों को प्रबंधन से तो पर्याप्त राशि मिलती है, लेकिन मजदूरों को देने में आनाकानी की जाती है। जेएमएस कंपनी, प्रगति चेनाराम कंपनी सहित एसईसीएल सोहागपुर एरिया के अमलाई ओसीएम, रामपुर बटुरा प्रोजेक्ट, बंगवार माइंस, खैरहा माइंस, - दामिनी भूमिगत माइंस में 2 हजार से ज्यादा मजदूर काम कर रहे हैं। कंपनी रूल के अनुसार ठेका मजदूरों को मजदूरी नहीं दिया जा रहा है। पेमेंट स्लिप दिए बिना पेमेन्ट की कटौती की जाती है। और मजदूरों को नहीं दिखाया जाता। रामपुर बटुरा खदान में काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि वे लोग ढोलू कंपनी के कर्मचारी हैं। कंपनी द्वारा नियमों के विपरीत मजदूरों को हितलाभ देने में आनाकानी की जा रही है।

### सरेआम कोयला चोरी

यह भी बताया जाता है कि बाहनो के माध्यम से खदान से बाहर कोयला यार्ड तक और सायर्डिंग तक पहुंचाने में प्राइवेट कंपनी के ड्राइवर चोरी छुपे जगह-जगह कोयला गिराकर लाभ कमा रहे हैं और कंपनी को छति पहुंचा रहे हैं क्योंकि प्राइवेट कंपनी के द्वारा उन्हें निर्धारित पेमेंट ना मिलने के चलते ऐसा किया जाता है।

## जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची विभिन्न ग्राम पंचायतों में

### योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभांवित

रीवा

विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची। यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता पैदा करना है। वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन व चयन भी किया जा रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जा रही है। प्रचार प्रसार हेतु वीडियो वैन में आडियो, वीडियो, ब्रोासर आदि सामग्री उपलब्ध है। यात्रा के दौरान विभागीय स्टालों में योजनाओं की जानकारी देने व हितलाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। शिविरों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा दवा वितरण की भी व्यवस्था करायी गयी है। जनपद सिरमौर के तेदुन एवं डिहिया, जनपद गंगेव के विसौली एवं पुरवा 310, जनपद रीवा के भिटवा एवं अमवा जनपद जवा के घूमन तथा रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत ग्राम पंचायत पड़रा व रौरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान मे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है ।

इसी तरह शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत , पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उज्ज्वला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधौसंरचना आदि का यात्रा के दौरान लाभ हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है।

## कैंटीन संचालक के खिलाफ सोशल मीडिया के माध्यम से अपमानजनक टिप्पणी करना पड़ा महंगा

### विवेक गुप्ता के खिलाफ न्यायालय में दर्ज हुआ मामला

ब्यौहारी।

नगर परिषद के अंतर्गत वार्ड क्रमांक कार्ड के निवासी विवेक गुप्ता पिता स्वामी दिन गुप्ता वार्ड क्रमांक 8 का रहने वाला है उसके द्वारा रेलवे स्टेशन व्यवहारी में निर्मला देवी के नाम की कैंटीन में मैनेजर के पद पर काम करता है एवं कैंटीन का संचालन करता है उसके कैंटीन में 11 अक्टूबर को 2023 को 12 से 1:00 बजे के रात बीच आग लग गई थी। आग लगने का कारण विवेक गुप्ता ने अन्य कैंटीन संचालक अजय मिश्रा के ऊपर आग लगाने की साजिश रचने का झूठा आरोप लगाया था ।

**सोशल मीडिया पर लगाया था फर्जी आरोप** - इसके अलावा विवेक गुप्ता द्वारा नगर मे संचालित







ब्हआटसप गृप व्यवहारी विकास मंच एवं रेलवे के एनकेजे ग्रुप में भी अनर्गल टिप्पणी की एवं आपत्तिजनक आरोप लगाए इससे व्यथित होकर जिससे व्यथित होकर के आवेदक अजय कुमार मिश्रा पिता श्रीनिवास मिश्र द्वारा प्रकरण क्रमांक आरसीटी 1833 / 2023 के माध्यम से न्यायाधीश मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कमलेश साहू के यहां परिवार प्रस्तुत किया तथ्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट कमलेश साहू द्वारा परिवाद पत्र के संबंध में परिवादी एवं साक्षी गाणों के साक्षी या कथन लेख किए गए परिवार पत्र व संलग्न दस्तावेजों फरियादी साक्षी के कथनों का अवलोकन किया गया परिवाद के अनुसार अनावेदक ने परिवादी की मान सम्मान को ठेस पहुंचाने की आशा से परिवादी के विरुद्ध व्यवहारी नगर में प्रचलित व्हाट्सएप ग्रुप एवं दैनिक समाचार पत्रों में सत्य जानकारी देकर तथ्यों को प्रसारित किया गया जिस कारण परिवादी के मान सम्मान को ठेस पहुंची वह लोगों में परिवादी के प्रतिहीन भावना अथवा अपमानित का भाव उत्पन्न हुआ परिवार पत्र में किए गए कथनों के अनुसार साक्षी गाणों के न्यायालय में कथन किए हैं सभी तथ्यों का अवलोकन करने के बाद परिवादी एवं साक्षी के कथन एवं संलग्न दस्तावेजों से प्रथम दृष्टि या अनावेदक विवेक गुप्ता पिता स्वामी दिन गुप्ता वार्ड क्रमांक 8 ब्यौहारी द्वारा भारतीय दंड विधान की धारा 500 का अपराध कार्य किया जाना प्रदर्शित होता है अतः अभियुक्त विवेक कुमार गुप्ता के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 500 के अपराध का संज्ञान लिया जाता है परिवार पत्र में किस केंद्रीय पंजी में पंजीबद्ध किए जाने के निर्देश 11/12/2023 को दिए हैं प्रकरण की अगली सुनवाई 13 /01/ 2024 को नियत की गई है जिसमें आरोपी विवेक गुप्ता को उपस्थित रहने को कहा गया है ।

# सहारा निवेशकों की बैठक हुई संपन्न

## 27 दिसंबर को दिल्ली में होगा राष्ट्रीय प्रदर्शन



रीवा

जिले मे नगर के विवेकानंद पार्क में सहारा निवेशकों की संघर्ष समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें आगामी दिनों 27 दिसंबर को दिल्ली में हो रहे राष्ट्रीय प्रदर्शन में रीवा जिले से निवेशक ज्यादा से ज्यादा संख्या में दिल्ली पहुंचे इसका निर्णय किया गया वहीं निवेशकों के पैसे को वापस दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष का निर्णय लिया गया बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिवक्ता योगेंद्र शुक्ला ने कहा कि रीवा जिले के लगभग 200 करोड रुपए फंसे हुए हैं गरीब से लेकर आमिर तक के पैसे लगे हुए हैं हमें हर उस लड़ाई को लड़ना है जिससे सभी के पैसे वापस हो सके सरकार को ज्ञापन के माध्यम से पैसा वापस दिलाने का प्रयास किया जाएगा साथ ही कानूनी लड़ाई के लिए भी हमें तैयारी करनी होगी आने वाले 27 दिसंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय व्यापी प्रदर्शन हो रहा है जिसमें रीवा जिले से ज्यादा से ज्यादा संख्या में निवेशक पहुंचे इसके लिए हमें जन जागरूकता अभियान चलाना होगा और अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर पैसा वापस दिलाने की प्रक्रिया को सरल करने का प्रयास भी किया जाएगा वहीं सहारा इंडिया के रीवा जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ता आत्मानंद चौबे ने भी सहारा निवेश से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी को साझा करते हुए सभी सहारा निवेशकों से संघर्ष करने के लिए तैयार होने की अपील की कार्यक्रम संयोजक दीपक शर्मा ने भी कई महत्वपूर्ण जानकारी देकरऔर सभी को एकता के सूत्र में पिरोने का संकल्प दोहराया जिससे हम अपनी ताकत को और अधिक बढ़कर सरकार और प्रशासन के ऊपर पैसा वापस करने का दबाव बनाने में सफल हो सके बैठक में अशोक कुमार गुप्ता नागेंद्र कुमार द्विवेदी नंदकुमार गौतम संजय भगत चंद्रमल मिश्रा हरिशंकर गुप्ता राम लखन यादव प्रदीप कुमार सोंधिया क्रांति मणि शर्मा अर्चना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में निवेशक उपस्थित हुए।

### नईगढ़ी में एक माह में एक दर्जन से अधिक हुई चोरी

# चोर सेंधमारी कर नगदी और जेवरात उठा ले गये







### 12 लाख रुपए से अधिक की चोरी

मऊगंज।

जिले के अंतर्गत चोरी की घटना प्रतिदिन जारी है,लेकिन आज तक पुलिस एक भी चोरी का खुलासा करने मे नाकामयाब रही,जिससे चोरो के हौंसले बुलंद है।जागते रहो क्योंकि सो रही है पुलिस शायद यह बातें नईगढ़ी पुलिस के ऊपर चरितार्थ होती है क्योंकि क्षेत्र में एक माह के अंदर दर्जनो चोरी की वारदातों के बाद भी पुलिस अपनी कुंभकर्णी नींद से नहीं जग पा रही है जिसके चलते अज्ञात चोरों ने बीती रात्रि एक ऐसे घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया जहां दो बेटियों के शादी की तैयारी की जा रही थी उससे पहले ही चोरों ने घर में रखे सारे जेवरात सहित नगदी लेकर फरार हो गए घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर महज खाना पूर्ति कर वापस चली आई है। चोरी की इस वारदात के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक नईगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम हड़िया निवासी गंगा प्रसाद तिवारी अपने दो नातिन की शादी की तैयारी में जुटे हुए थे, दोनों नातिन की शादी के लिए उनके द्वारा जेवरात और पैसे एकत्रित कर घर में रखे गए थे इसी दौरान बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने घर की दीवार में सेंधमारी कर अंदर घुसे और शादी के लिए रखें सारे जेवरात सहित नगदी लेकर फरार हो गए पीड़ित गंगा प्रसाद तिवारी ने बताया कि अज्ञात चोरों ने तकरीबन 12 लाख रुपए से ज्यादा की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है उन्होंने बताया कि आज सुबह चोरी की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद डायल 100 नम्बर पुलिस मौके पर आई और खाना पूर्ति कर वापस चली गई, नईगढ़ी थाना क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से लगातार चोरी और सेंधमारी की वारदातें हो रही है इसके बावजूद भी पुलिस ने अब तक किसी भी गिरोह को चिन्हित नहीं किया है ना ही मामले में किसी को गिरफ्तार किया है जिसके चलते अज्ञात चोरो के हौसले बुलंद है लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

## जीतू पटवारी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने से कांग्रेस में नई ऊर्जा का होगा संचार

मऊगंज।



जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण के पूर्व महामंत्री मऊगंज विधानसभा के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजू सिंह सेंगर ने जीतू पटवारी को मध्य प्रदेश कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि जीतू पटवारी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मध्य प्रदेश में नौजवान कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार होगा और आने वाले समय में कांग्रेस मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। कांग्रेस नेतृत्व ने जो यह निर्णय लिया है वह स्वागत योग्य है ।नौजवानों को संगठन में जगह मिलने से कांग्रेस काफी तेजी से मजबूती की दिशा में आगे बढ़ेगी। राजू सिंह सेंगर ने कहा कि रीवा जिले में भी इसका व्यापक असर पड़ेगा यूथ तेजी से कांग्रेस की तरफ बढ़ेगा और कांग्रेस काफी मजबूत होगी।इस निर्णय से लोकसभा चुनाव में व्यापक असर होगा। देर से ही सही लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने जो निर्णय लिया वह स्वागत योग्य है। माननीय जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर जो संदेश केंद्रीय नेतृत्व ने दिया है वह स्वागत योग है वही उमंग सिंगार को नेता प्रतिपक्ष एवं उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे को बनाए जाने पर राजू सिंह सेंगर ने बधाई दी है।

### उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा की पूजा अर्चना

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा मंदिर पहुंचकर बसामन मामा की पूजा अर्चना कर उनकी आरती उतारी। श्री शुक्ल ने बसामन मामा से रीवा जिले एवं मध्यप्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक सेमरिया केपी त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में गौपूजन किया तथा गौमाता का आशिर्वाद लिया। इस दौरान पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे भी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## पूर्व नपाध्यक्ष ने नगर पालिका कर्मचारी से की गाली गलौज



**बिजुरी।** बिजुरी नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण पुरी के खिलाफ नगर पालिका में पदस्थ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ईश्वर साहू के द्वारा फोन पर गाली गलौज करते हुए कार्यालय में घुसकर मारपीट करने की धमकी देने की शिकायत बिजुरी थाने में दर्ज कराई है जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। मामले के संबंध में बताया गया कि ईश्वर साहू के द्वारा थाने में शिकायत करते हुए बताया कि वह दैनिक वेतन भोगी के रूप में नगर पालिका बिजली के राजस्व शाखा में कार्यरत है। 15 दिसंबर को नगर पालिका बिजुरी के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण पुरी के द्वारा राशन कार्ड बनाए जाने के संबंध में फोन करते हुए उसे गाली गलौज की गई। जिस पर पीड़ति कर्मचारियों ने कहा कि वह राशन कार्ड बनाने का काम नहीं करता है जिस पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने कार्यालय में घुसकर मारपीट करने की धमकी दी। मोबाइल पर की गई गाली गलौज तथा मारपीट की धमकी की कॉल रिकॉर्डिंग बिजुरी थाने में प्रस्तुत किए जाने पर पुलिस के द्वारा इस मामले में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शिवचरण पुरी पिता सोनसाय निवासी कुरजा के विरुद्ध अपराध दर्ज करते हुए मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

## इग्नटू के 2 प्रोफेसर व सिक्योरिटी सुपरवाइजर के खिलाफ दर्ज हुई शिकायत



**अनूपपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विभाग संयोजक आयुष राय ने थाना अमरकंटक में लिखित शिकायत कर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय के द्वारा संगठन को बदनाम करने एवं उनके कार्यकर्ताओं को झूठे केस में फंसाकर उनके मानहानि को ठेस पहुंचाने की साजिश करने का आरोप लगाया है। जिस पर थाना प्रभारी थाना अमरकंटक जिला अनूपपुर ने प्रो. डॉ. संतोष सोनकर, डॉ. जिनेंद्र कुमार जैन, सिक्योरिटी सुपरवाईजर वीरेंद्र सिंह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक के खिलाफ उक्त शिकायत के संबंध में पूछताछ व अपना पक्ष रखने हेतु थाना अमरकंटक में उपस्थित होने का नोटिस जारी किया है।

## साहब बनने 2529 ने दी परीक्षा, 857 ने नहीं दिखाई रूचि



**अनूपपुर।** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन रविवार 17 दिसम्बर को दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक निर्विघ्न सम्पन्न हुआ। परीक्षा हेतु जिले में 6 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। इस परीक्षा में जिले में कुल 1693 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिसमें से प्रथम पाली में 1265 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 428 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे तथा द्वितीय पाली में 1264 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 429 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर में 302, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर में 155, शासकीय आई.टी.आई. अनूपपुर में 152, शासकीय मॉडल उ.मा.वि. अनूपपुर में 181, शासकीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय अनूपपुर में 213 तथा शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में 262 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। द्वितीय पाली में परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर में 302, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर में 155, शासकीय आई.टी.आई. अनूपपुर में 152, शासकीय मॉडल उ.मा.वि. अनूपपुर में 181, शासकीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय अनूपपुर में 213 तथा शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में 261 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

# पटरी से उतरी नगर की यातायात व्यवस्था, जाम में फंस रहे लोग

## जिम्मेदार विभाग कागजों में पहना रहा अमलीजामा, नहीं होती कार्यवाही

### नाबालिग दौड़ा रहे वाहन, यातायात विभाग को कार्यवाही की नही कोई रूचि

**शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने भले ही जिम्मेदार विभाग द्वारा आये दिन ढिंढोरा पीटा जाता हो परंतु नगर की बेपटरी हुई यातायात व्यवस्था सुधरने का जहां नाम नही ले रही वही जानकार लोग भी व्यवस्था मे कालिख पोतते हुये सड़क किनारे ही अपने वाहनो को पार्क कर नगर मे जाम की स्थिति तैयार कर रहे हैं। जिन पर कार्यवाही करने के प्रयास विभाग द्वारा नही किये जाने से आमजन जहां बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था से दो चार हो रहा है वही घंटो जाम मे फंसकर अपना अमूल्य समय नष्ट करने को मजबूर हो चला है।**

अनूपपुर।






जिला मुख्यालय मे भले ही पुलिस विभाग ने यातायात के प्रभारी को जिले की यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखने तैनात किया हो लेकिन यातायात प्रभारी से अनूपपुर नगर की ही बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था सम्हल नही पा रही है तो जिले भर की यातायात व्यवस्था कैसी होगी यह सहज ही समझा जा सकता है। नगर के बस स्टैण्ड में बिगड़े हुए यातायात व्यवस्था का सबसे खूबसूरत नजारा आये दिन देखने को मिलता है जहां छोटे बड़े वाहनों को अपने वाहन आगे पीछे करने में भी काफी मस्क्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे दयनीय स्थिति बस स्टैण्ड के सामने कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग पर हो जाती है जब विपरीत दिशाओं से दो बड़े वाहन या यात्री बसे आती है। ऐसा जाम दोनो तरफ लग जाता है जैसे नगर के रेलवे फाटक में लगता था। इन परेशानियों की जानकारी निश्चित ही यातायात प्रभारी को है, परन्तु उनके द्वारा भी इस सड़क के अगल बगल अपने वाहनों की पार्किंग बनाकर रखे व्यापारियों, दुकानदारों व दुकानों में आने वाले ग्राहकों पर कार्यवाही न किये जाने से नगर की यातायात व्यवस्था बेपटरी है। जानकारी के मुताबिक इसी सड़क पर बस स्टैण्ड से दस कदम की दूरी पर यूको बैंक सहित अन्य दुकानें संचालित है, जहां इनके अपने पार्किंग स्थल नही है जिससे यहां आने वाले आम लोग अपने वाहनों को सड़क से लगाकर ही उल्टा सीधा खड़ा कर देते है जिसके कारण सड़क सकरी हो जाती है और अगर उसी समय दोनो दिशाओं से बड़े वाहने आये तो जाम की स्थिति तैयार हो जाती है। जानकारी के मुताबिक बस स्टैण्ड के सामने से गुजर रही इस सड़क में सबसे ज्यादा जाम की स्थिति सड़क किनारे पार्किंग बनाकर खड़े वाहनों से होती है जिसके कारण वाहनों के आने जाने सहित दुपहिया वाहनों व पैदल यात्रियों को जहां परेशान होना पड़ता है वही घंटों जाम में भी फंसकर ऐसे लोगों का समय नष्ट हो जाता है। यातायात विभाग आये दिन लोगों को जागरूक करने कहीं सड़क सुरक्षा पखवाड़े तो कहीं रैलियों के माध्यम से यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने का अभियान चलाती है लेकिन नगर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था है कि व्यवस्थित पटरी पर नही आ पा रही है जिसका कारण जिम्मेदार लोगों का उदासीन रवैया है। जब कभी जिम्मेदार विभाग को ऊपर से निर्देश मिलते है तब निर्देशों के पालन में विभागीय लोग केवल दिखावे की कार्यवाही कर निर्देशों को अमलीजामा पहना कर अपने कर्तव्यों से इति श्री कर लेते है। खबर में लगी फोटो देखकर ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि बस स्टैण्ड के सामने के सड़क में किस तरह और कैसे जाम की स्थिति तैयार होती है। यातायात विभाग के द्वारा नगर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को न सुधारे जाने का खामियाजा नगर के लोग भुगत रहे हैं। आये दिन नौसिखिये, नाबालिग लड़के तेज वाहन चलाते हुये सड़को मे दौड़ते हैं और हर पल सडक दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। रोज सुबह ट्यूशन पढ़ने जाने वाले बच्चे तेज वाहन चलाते हुये निकलते हैं। शहर से वैसे भी हेलमेट तो नदारद है ही अब नाबालिग युवा भी धड़ल्ले से भीड भाड वाले इलाको मे तेज गति से वाहन दौड़ा रहे हैं। सडक के किनारे संचालित दुकानो के लोगो द्वारा भी अपने छोटे बडे वाहनो को पार्किंग के रूप मे सडक के किनारे ही खडा कर दिये जाने से भी सडक संकीर्ण हो रही है जिससे जाम की स्थिति तैयार होती है। शहर भर मे कई ऐसे भीड भाड वाले इलाके हैं जहां आये दिन इन्ही कारणो से जाम लगे रहना अब आम बात हो गई है।



## रेलवे मजदूर कांग्रेस के प्रयास से बनाया गया वैकल्पिक रोड

**अनूपपुर।** अनूपपुर के नए फ्लाईओवर निर्माण के कारण रेलवे फाटक के पास स्थित 44 नंबर ब्लॉक में रह रहे रेल कर्मचारी के आवासों के सामने आने जाने का पूरा रास्ता बंद हो गया था, रेलवे क्वार्टर में रहने वाले टी टी स्टाफ रामबली, इंजीनियर स्टाफ रमेश कुमार कोल, संतोष कुमार, राजकुमार के परिवार जनों को आने-जाने के कारण जान का खतरा बना हुआ था जिसकी शिकायत रेलवे कर्मचारियों ने रेलवे मजदूर कांग्रेस से कर समस्या का निवारण करने का अनुरोध किया था। रेलवे मजदूर कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री लक्ष्मण राव एवं अनूपपुर शाखा सचिव रामदास राठौर, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक राय, जयंतोदास गुप्ता कोषाध्यक्ष संतोष पनगरे एवं सदाशिव पाण्डेय समस्या की जानकारी लेने के बाद निरीक्षण किया गया। इस गंभीर समस्या को देखते हुए बिलासपुर मंडल समन्वयक बी कृष्ण कुमार, संयुक्त महामंत्री महामंत्री एवं सी आई सी प्रभारी लक्ष्मण राव, शाखा सचिव अनूपपुर रामदास राठौर द्वारा सहायक मंडल अभियंता शहडोल पंकज कुमार से चर्चा की गई एवं रेलवे कर्मचारियों के जान के खतरों को देखते हुए वैकल्पिक रोड तत्काल बनाने की मांग की गई, एडीईएन शहडोल पंकज कुमार के द्वारा सीनियर सेक्शन इंजीनियर अनूपपुर अरविंद कुमार को निर्देशित कर रेलवे मजदूर कांग्रेस के साथ संयुक्त सर्वे कराया गया। सर्वे उपरांत सहायक मंडल अभियंता शहडोल के निर्देश पर प्लॉक नंबर 6 के बगल से सीसी रोड तक वैकल्पिक रोड बनाया गया, वैकल्पिक सुरक्षित रोड बन जाने से रेल कर्मचारियों के परिवार जनों ने रेलवे मजदूर कांग्रेस के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्लेटफार्म के बाहर जनरल बोगी बढ़ाने पर अनूपपुर स्टेशन में मची भगदड़

## जिम्मेदारों को तत्काल कराया गया अवगत, कार्यवाही का मिला भरोसा

अनूपपुर।

जंक्शन स्टेशन अनूपपुर में रविवार को उस समय भगदड़ मच गई जब ट्रेन नंबर 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस के ड्राइवर ने ट्रेन को फुल स्पीड में प्लेटफार्म क्रॉस कर आगे बढ़ा दी। जिससे ट्रेन की जनरल बोगिया प्लेटफॉर्म छोड़कर खड़ी हो गई। जिससे जनरल बोगी में यात्रा करने वाले यात्रियों में भगदड़ मच गई, इस दौरान कोई भी गंभीर हादसा हो सकता था लेकिन ट्रेन को किसलिए इतनी आगे तक बढ़ा दिया गया यह जांच का विषय है। ऐसी पूरनावृत्ति कभी भी भविष्य में नहीं होनी चाहिए। इसकी



शिकायत वहां उपस्थित पत्रकार अरविंद बियानी ने तत्काल ट्वीट के माध्यम से रेल मंत्री, रेल मंत्रालय, रेलवे महाप्रबंधक बिलासपुर, डीआरएम को की। इसके साथ ही डीआरएम एवं सीनियर डीसीएम को व्हाट्सएप पर भी जानकारी भेजी। जिससे कमर्शियल कंट्रोल बिलासपुर से जानकारी के लिए फोन भी आया जिस पर उन्हें पूरी जानकारी दी गई। जिसमें उन्होंने जांच कराने की बात कही। ऐसी भगदड़ में कोई भी हादसा घटित हो सकता था क्योंकि रेलवे लाइन के बगल से काफी संख्या में गिट्टी भी गिरी हुई थी। देखते हैं रेलवे दोषी जनों पर क्या कार्रवाई करता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न पंचायतों में आयोजित हुये शिविर

## आईईसी वैन के माध्यम से किया गया प्रचार प्रसार




**अनूपपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के चारों विकास खण्डो मे यात्रा के तहत कार्यक्रमों/ शिविर का आयोजन किया गया। जिले के जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम बगैहाटोला व पिपरिया में विधायक दिलीप जायसवाल जनपद पंचायत अनूपपुर के पयारी नंबर 1 व ग्राम पंचायत कदमटोला में विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी ने प्रमुख रूप से सहभागिता की जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा जिला व विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ में बड़ीतुम्मी व गिजरी अनूपपुर जनपद पंचायत के पयारी नंबर 1 व कदमटोला मे जैतहरी जनपद पंचायत के पाली व कोलमी तथा कोतमा के बैगहा टोला व पिपरिया में कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ लेने से शेष रहे। हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर लाभार्थियों ने व्यक्तिगत कहानियां व अनुभव को साझा किया

### आईईसी वैन द्वारा किया गया प्रचार प्रसार

जिले को आवंटित आईईसी वैन द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट चार्ट अनुसार भ्रमण कर ऑडियो विजुअल एड, ब्रोशर, पंपलेट, बुकलेट आदि के माध्यम केंद्रीय योजना की सूचना का प्रचार प्रसार किया गया।

### योजनाओं के लगाए गए स्टॉल

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्वास्थ्य, कृषि, सामाजिक न्याय,आजीविका मिशन आदि विभागों के स्टाल लगाकर जनकल्याणकारी योजना की जानकारी का प्रचार प्रसार किया गया स्वास्थ्य अमले के द्वारा जन सामान्य का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क औषधियां उपलब्ध कराई गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने, नागरिक होने का कर्तव्य निभाने के संबंध में विकसित भारत संकल्प की प्रतिज्ञा ली गई।

# किसानों के समक्ष फसल में ड्रोन से तरल उर्वरक के छिड़काव का प्रदर्शन



अनूपपुर।

विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिले के चारों विकास खण्डो से जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए रूट चार्ट के मुताबिक प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 17 दिसंबर को पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बड़ीतुम्मी और गिजरी, अनूपपुर जनपद पंचायत के पयारी नंबर 1, तथा कदमटोला जनपद जैतहरी के ग्राम पंचायत पाली एवं कोलमी जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बैगहा टोला पहुँची । यात्रा के दौरान किसानों के समक्ष फसल में ड्रोन से तरल उर्वरक के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया । केंद्र शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार और हर पात्र व्यक्ति तक इनका लाभ पहुँचाने कल शनिवार से प्रारम्भ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के प्रत्येक विकासखंड में प्रतिदिन दो ग्राम पंचायतों में पहुँचेगी। यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथों से केंद्र शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा, योजनाओं का लाभ लेने शेष रह गये हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किये जायेंगे तथा लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राही अपने अनुभव साझा करेंगे। यात्रा के दौरान "माटी कहे पुकार के" की थीम पर किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिये प्रेरित करने स्कूली बच्चे कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे तथा केंद्र शासन की योजनाओं पर केंद्रित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता होगी। इसके पहले यात्रा पहुँचने पर ग्राम पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं निवासियों द्वारा प्रचार रथ (मोबाइल वेन) का स्वागत किया जायेगा, प्रचार रथ पर लगी एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिकॉर्डेड सन्देश का प्रसारण होगा। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जायेगा। योजनाओं से सबंधित विभाग भी अपने-अपने शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे। यात्रा के दौरान मौजूद नागरिकों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया जायेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में 26 जनवरी तक चलेगी।